अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 9 अप्रैल 2025

PAGE NO : 09 MIDDLE

# एसआरएमएस व गज ग्रीन ने जीते मुकाबले

## वेदान टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को खेले गए दो मुकाबले

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। शैली शुक्ला मेमोरियल ट्रस्ट और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित वेदान टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट-सीजन एक में मंगलवार को दो मुकाबले खेले गए। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला एसआरएमएस व दूसरा गज ग्रीन ने जीता।

बदायूं क्रिकेट एसोसिएशन और एसआरएमएस के बीच खेले गए मुकाबले में बदायूं की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर 124 रन ही बना पाई। आदर्श शर्मा ने तीन, अनुज शर्मा ने दो विकेट लिए। एसआरएमएस ने 16.4 ओवर में चार विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। 44 रन बनाने वाले आनंद वीर मैन ऑफ द मैच बने।

गज ग्रीन और ओवैस क्रिकेट अकादमी के बीच हुए दूसरे मैच में गज ग्रीन के कप्तान गगन मल्होत्रा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 249 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

रियाज अफरीदी ने 55 गेंदों पर 111 रन की नाबाद पारी खेली। अक्षय शर्मा ने भी 51 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओवैस क्रिकेट अकादमी की टीम 139 रन पर ऑल आउट हो गई। शतकीय पारी खेलने वाले रियाज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सीओ संदीप सिंह, डॉ. अमीद मुराद ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

इस दौरान अंजुल मिश्रा, डॉ. गयास उल रहमान, डॉ. अनीस बेग, ओपी कोहली, राहुल कपूर आदि मौजूद रहे।



मैन ऑफ द मैच आदर्श शर्मा को पुरस्कृत करते सीओ संदीप सिंह। स्रोत : स्वयं

### 21 से होगी इंटर स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता

बरेली। इंटर स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 21 अप्रैल से फरीदपुर स्थित मानस स्थली आवासीय स्कूल में किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में आसपास के जिलों के साथ ही उत्तराखंड के प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राएं हिस्सा भी लेंगे। प्रधानाचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, रिले रेस आदि के मुकाबले होंगे। संवाद



स्पोर्ट्स स्टेडियम में गेंद कब्जाने के लिए जूझते खिलाड़ी। स्रोत : स्वयं

## एयरफोर्स स्कूल व गुरु गोविंद सिंह इंटर कॉलेज फाइनल में होंगे आमने-सामने

### एयरफोर्स स्कूल की टीम ने आर्मी पब्लिक स्कूल को पेनाल्टी शूटआउट में हराया

बरेली। बरेली डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही बालक वर्ग की इंटर स्कूल अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला एयरफोर्स स्कूल व दूसरा गुरु गोविंद सिंह इंटर कॉलेज की टीम ने जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

एयरफोर्स स्कूल बनाम आर्मी पब्लिक स्कूल के बीच हुए पहले मैच में आर्मी स्कूल के युवराज सिंह ने 15वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। हाफ टाइम के बाद 38वें मिनट में एयरफोर्स के कार्तिक वर्मा के बेहतरीन पास पर नैतिक ने गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाया।

सीटी बजने तक यही स्कोर रहा। इसके बाद हुए पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत दर्जकर एयरफोर्स स्कूल की टीम फाइनल में पहुंची।

दिन का दूसरा मुकाबला गुरु गोविंद सिंह इंटर कॉलेज व आर्मी पब्लिक स्कूल द्वितीय के मध्य खेला गया। गुरु गोविंद सिंह के आर्यन के पास पर कुनाल ने 27वें मिनट में गोल कर टीम का खाता खोला।

आर्यन के पास पर आनंद ने गोल कर स्कोर को 2-0 कर दिया। अंतिम समय तक आर्मी पब्लिक स्कूल एक भी गोल नहीं कर पाया। संवाद

## इंटर स्कूल क्रिकेट और फुटबॉल टूर्नामेंट 16 से

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट व फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) में 16 से 19 अप्रैल तक किया जाएगा।

आयोजन समिति के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सोवन मोहंती ने बताया कि बरेली क्रिकेट एसोसिएशन व बरेली फुटबॉल एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त इन दोनों टूर्नामेंट में बरेली में संचालित 26 स्कूलों की 33 टीमें शामिल होंगी।

21 टीमें इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट व 12 टीमें इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट में खेलेंगी। क्रिकेट टूर्नामेंट नौ से 19 अप्रैल और फुटबॉल टूर्नामेंट 16 से 19 अप्रैल तक होगा। मोहंती ने बताया कि सीईटी पिछले आठ सालों से श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है।

क्रिकेट और फुटबॉल दोनों में सभी टीमों को ए और बी दो ग्रुपों में रखा गया है। नॉकआउट आधार पर दोनों टूर्नामेंट होंगे। क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल सहित कुल 20 व फुटबॉल टूर्नामेंट में 11 मैच खेले जाएंगे। संवाद